पी.एच.डी., संकाय अधिसदस्य

ऊर्जा भंडारण तथा परिवर्तन प्रयोगालय

वेनेडियम आधारित NASCION – $Na_3V_2(PO_4)_3$ ऋणाग्र का प्रदर्शन Na-ion बैटरियों में ताराकार चक्रीय निष्पादन के साथ किया गया है । उसकी क्षमता/धारिता को सुधारने हेतु हमने Na_3+yV1-yM^{1}y$(PO_4)_3$ (mr – जो प्रथम व द्वितीय पंक्ति पारगमन धातु आयॉनों) यौगिकों की श्रेणियों में संश्लेषण किया है । संयुक्त विद्युत-रासायनिकीय XRD तथा XAFSओं के अध्ययनों ने विभिन्न वेनेडियम तथा मेंगेनिज़ रेडॉक्स युग्मों की प्रतिभागिता के साथ संरचनात्मक विकास में रोचक अंतर्दृष्टि प्रकट की है, जिन्हें आगे, DFT परिकलनों से विधिमान्य कर दिया गया है । Y=0.75 के लिए उच्च प्रतिवर्ती धारिता/क्षमता, दर क्षमता तथा उत्तमतर चक्रीयता को प्राप्त कर लिया गया है, जिसे सोडियम आयॉन विसरण साथ ही उच्चारोपित V- तथा Mn- रेडॉक्स केंद्रों के लिए अनुकूलतम गत्यावरोध आकार के प्रति परिपुष्ट किया जा सकता है । "संरचना स्थिरीकरण" अभिकर्ता अर्थात् सोडियम फ्लोराइड (NaF) के संस्थापन के द्वारा उच्चतर आयामीय लौह फ्लोराइड ढाँचे के प्रति एक आयामीय (ID)-$FeF_3.3H_2O$ (इसके बाद जिसे IF के रूप में सूचित है)। पूर्वगामी संरचना के लिए एक नवीन स्थलाकृति – रासायनिकी (वग्रीकरण) प्रणाली विज्ञान को विकसित कर लिया है ।

एकक के सदस्य

लाइनस पॉलिंग अनुसंधान प्रोफेसर व निदेशक
सी.एन.आर. राव

सहयोगी निदेशक
एम. ईश्वर्मूर्ति

प्रोफेसर
एस.एम. शिवप्रसाद (पुनर्ग्रहणाधिकार के साथ 11.08.2017 से लागू)

सहयोगी फोफेसर
राजेश गणपति (सहयोगी संकाय CPMU)
रंजन दत्ता (सहयोगी संकाय CPMU)
रंजनी विश्वनाथ (सहयोगी संकाय NCU)
श्रीधर राजाराम (सहयोगी संकाय CPMU)

संकाय अधिसदस्य
बिवास साहा (CPMU के साथ संयुक्त रूप से)
प्रेमकुमार सेंगतुवन (NCU के साथ संयुक्त रूप से)

वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी
जय घटक

पीजीडीएमेस विद्यार्थी
बिबेकानन्द पयकरारे, एम शुभश्री, निर्मल जोस

अनुसंधान सहयोगी
आनन्द कुमार रॉय (अनंतिम), कविता शर्मा, मंजोध कौर, प्रमोद के, प्रताप विश्णोई, शशिधर

SERB राष्ट्रीय PDF
मोकुराला कृष्णय्या

महिला विज्ञानी, योजना-ए
सरस्वती सी

परियोजना सहायक
अंगिरा रॉय

तकनीकी सहायक-प्रशिक्षु
दीपक वी

ICMS की एक झलक

संकाय द्वारा प्राप्त पुरस्कार

प्रो. सी.एन.आर. राव – प्रेसिडेन्सी वि.वि. कोलकता से हॉनररी कॉसा डॉक्टरेट (80 वाँ हॉनररी कॉसा डॉक्टरेट) प्राप्त किया ; यू.के. के मैंचेस्टर वि.वि. से हॉनररी डॉक्टरेट प्राप्त किया ; भौतिकी प्रकाशन संख्या (IOP) द्वारा उच्चतम उल्लेखनीय लेखक पुरस्कार-2018; कोसाइन (COSINE) पुरस्कार – 2017 ; यू ए ई के उन्नत पदार्थ केंद्र द्वारा दिए जानेवाला प्रथम शेख सौद अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार ; सहयोगी प्रोफेसर (मानद) मानव अनुवंशिकी केंद्र, बेंगलूर ।

प्रो. रंजनी विश्वनाथ – MRSI पद 2018

बिवास साहा - SERB अंतर्राष्ट्रीय यात्रा पुरस्कार

3 **PGDMS**
प्रवेश प्राप्त
विद्यार्थी

2 **PGDMS**
स्नातक प्राप्त
विद्यार्थी

32
प्रकाशन

प्रायोजित प्रायोजनाएँ

		वर्ष 2018-19 के दौरान प्राप्त राशि
नई परियोजनाएँ	**1**	**42.36 लाख**
जारी प्रयोजनाएँ	**11**	**3.91 करोड**

आण्विक जैविकी तथा आनुवंशिकी एकक (MBGU)



MBGU के बारे में

MBGU में अनुसंधान कार्य जैविकी में संकल्पनाओं को समझ लेने (ज्ञान) में वृद्धि करने हेतु साथ ही स्वास्थ्य-रक्षण तथा औषधि के लिए अन्वयनात्मक समाधानों को उपलब्ध करने हेतु आधारभूत सिद्धांतों तथा उन्नत (विकसित) उपागमनों का उपयोग करता है । प्रदत्त अनुपम अनुसंधान क्षेत्रों के विन्यास के साथ JNCASR के पास ऐसी विशेषज्ञता प्राप्त है, जिससे जैविकी-विज्ञानी आसानी से विविध वैज्ञानिक विषयों में (आरपार अनुप्रस्थ रूप से) जा सकते हैं तथा विश्वभर के जालकार्यों का सहयोगोंको प्राप्त कर सकते हैं । हमारा अनुसंधान नैदानिकीय समझ (ज्ञान) तथा अन्वयन तथा रूपांतरणीय अध्ययनों पर प्रभाव डालता है । रोगाणुओं, खमीरों, आदि जीवियों, ड्रोसोफिला तथा मूषिकाओं, नलिका-कोशिकाओं जैसे विभिन्न प्रकार के जीवियों तथा मानव नैदानिक-नमूनों के अध्ययन द्वारा जैविकीय संकल्पनाओं तथा प्रक्रियाओं को सुलझा दिया जाताहै । अनुसंधान प्रश्नों में सम्मिलित होते हैं – मानव विकास के अध्ययन के वर्णक्रम की एक ओर जैव-अणुओं को समझ लेना तथा दूसरी ओर रोगों को समझ लेना । तिर्यक (आर-पार) अंतर्विषयक अंतर्क्रियाओं के उन्नयन के लिए सुविधाओं, निधियनों तथा प्रशिक्षण – कार्यक्रमों को अनुकूलित (त्वरित) बना दिया गया है । अनेक दशकों के अपने (विशाल) अपार अनुभव के साथ संकायों ने JNCASR में तथा राष्ट्रीयता एवं अंतर्राष्ट्रीयता से प्रमुख प्रशासनिक एवं परामर्शी पदों पर स्थित (आसीन) हैं । इस एकक ने देश में विज्ञान के प्रति अपने योगदानों में उच्चतम प्रभाव सिद्ध कर दिया है ।

यह एकक वर्ष 2018-19 के दौरान शैक्षिकता से अत्यंत सक्रिय तथा उत्पादक रहा है, जो अनेक प्रकाशनों, शोध प्रबंधों प्रतिवादों, अतिथि-व्याख्यानों तथा सम्मेलनों से युक्त रहा । अनेक संकाय सदस्यों के योगदानों को पुरस्कारों तथा व्यावसायिक निकायों की सदस्यता के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है । वर्ष, 2018 में डॉ. कुशाग्र बन्सल के संकाय – अधिसदस्यता के रूप में ज्वाइन होने के साथ "रोग-निरोधक कोशिका विभेदन तथा प्रकार्य के आण्विक आधार" पर अनुसंधान का नया क्षेत्र प्रारंभ किया गया है ।

अनुसंधान के क्षेत्र

आ.जै.आ.ए. में अनुसंधान का ध्यान निम्नलिखित क्षेत्रों पर केंद्रीकृत रहा है ।

- स्वभक्षी एवं तंत्रिकाह्रासी रोग ।
- वर्णक जैविकी एवं न्यूनतम-सूत्र ।
- एच.आई.वी.-1 उपरूप-C तनाव ।
- गुणसूत्र पृथक्करण तंत्र ।
- मानव रोगों का आनुवंशिक आधार ।
- प्रोटीन अभियांत्रिकी (विन्यास) तथा आण्विक परजीवी विज्ञान ।
- नलिका कोशिकाएँ तथा हृत-संवहनी विकास ।
- अनुलेखन ।
- रोगनिरोधक भेदीकरण तथा प्रकार्य ।

अनुसंधान अंतर्दृष्टियाँ

- प्लास्मोडियम AMP अमोनिया-हरण के प्रमुख प्रकार्यात्मक अवशेषों की पहचान ।
- प्लास्मोडियम बर्घेरी में कोशिकीय प्रकार्यों के लिए आवश्यक चयापचयी – शोधक-साक्ष्य किण्वक के रूप में फोस्फोग्लाइकोलेट फोस्फेटेज की स्थापना ।
- गुणसूत्र बिंदु के विकास में RNAi की पहचान एक क्रांतिक घटक होता है ।
- जीन-रुधीरा को निकालने के द्वारा हृत्-संवहनी त्रुटियों का भारत से प्रथम अचेतन (नॉकौट) मूषिका नमूने का (सृजन) उत्पादन ।
- मानव बहुसमर्थ नलिका कोशिकाओं में चयापचयी उप-अवस्थाओं का प्रदर्शन तथा विभेदन हेतु उनकी संभाव्यता ।
- न्यूनतम-सूत्रीय अखंडता (अक्षतता) के लिए अ-ऊतक वर्णक – संयोजित प्रोटीन PC_4 क्रांतिक होता है – इसका आविष्कार ।
- स्वभक्षी में (बाह्यस्योति) एक्सोसिस्ट सम्मिश्र के पात्र की पहचान ।
- स्व-अभिक्रियात्मक T-कोशिकाओं में नकारात्मक चयन के वादन (लयता) में तीन आयामीय (3डी) वर्णक संरचना के गतिकीय नियंत्रण में सम्मिलित होनेवाले नवल तंत्र की पहचान ।

रंगा उदयकुमार

पी.एच.डी., प्रोफेसर एवं चेयर, MBGU



काले रंग की बक्सों में अंकित कोर PTAP मूलभाव के साथ उपरूपी-B में अत्यंत सामान्य 3 aa अनुलिपिकरण के विरुद्ध (नैदानिक पृथक T004 से अनुक्रम में) उपरूपी Cp6 में पहचानित 14 aa अनुलिपिकरण को विशिष्टता से दर्शानेवाले HIV-1 Gag प्रोटीन प्रक्षेत्रोंका योजनाबद्ध (आरेखीय) प्रतिनिधित्व (चित्रण) ।

HIV-AIDS प्रयोगालय

हमारा प्रयोगालय विषाणु अनुलेखनात्मक स्तब्धता का अध्ययन करता है । भेदक-अनुलेखनात्मक स्तब्धता प्रभावात्मकता से रोगों के प्रबंध तथा वेक्सिन के विकास के लिए अत्यंत (क्रांतिक) निर्णायात्मक होती है । भारत भर में चार संस्थानों के सहयोग के साथ निष्पादित एक अध्ययन में हमने यह वीक्षण किया है कि हाल ही के वर्षों में भारी संख्या में उन्नायक परिवर्तक विषाणु-तनाव उभर आए हैं । इन उन्नायक परिवर्तन – उन्नायक के अनुलेखनात्मक सामर्थ्य को वर्धित करने तथा साथ ही विषाणु अव्यक्तता की क्षमता को पुनर्बलित करने के होते हैं । हमने लगभग 10 परिवर्तक विषाणु तनावों को ऐसी दो व्यापक श्रेणियों में वर्गीकृत किया हे, जिनका आधार था कि केवल NF-kB मूलभाव, विषाणु उन्नायक पर था या RBE-III मूलभाव के साथ प्रतिकरण भी था । हमने यह दर्शाया है कि ऐसे परिवर्तन केवल HIV-I के उपरूप-C के लिए अद्वितीय लगते हैं । हम विषाणु अव्यक्तता तथा आधान (भंडार) इन संदूषणों में ही प्रभावित है विषाणु उन्नायक में अनुक्रमिक प्रतिकरणों के प्रभाव तथा विषाणु प्रतिकृति क्षमता पर Gag-p6 को प्रभाव यास निरोधकता तथा विकास के प्रभाव क्या होते हैं । हम प्रतिलोमत: (ट्रान्सक्रिप्टेस) अनुलेखन के उपरूप विशिष्ट गुणधर्मों की परीक्षा करने की योजना बना रहे हैं ।

प्रमुख प्रकाशन :

शर्मा एस. तथा अन्य 2017. भारत तथा द-आफ्रिका में औषध-नैव (naive) (नैदानिकी) विषयों में HIV-1 उपरूपी C Gag p6 में PTAP उपनुक्रम अनुलिपीकरण । *BMC infect Dis* 17.95.

शर्मा एस. तथा अन्य 2018. p6 Gag प्रोटीन में PPTAP मूलभाव अनुलिपिकरण HIV-1 उपरूप C पर प्रतिकृति लाभ को सिद्ध करता है। *Biol.Chem.* 293:11687-708.

हेमलता बलराम

पी.एच.डी., एफ.ए.एस.सी., एफ.एन.ए.एस.सी., प्रोफेसर



प्लास्मोडियम फल्सीपरम 1SN1, संरचना – जैव रासायनिक – प्रकार्य, स्थानीकरण, शरीर क्रिया विज्ञान का महत्त्व ।

आण्विक परजीवी विज्ञान प्रयोगालय

हमारे प्रयोगालय ने हालही में, खमीर (यीस्ट) में प्रकार्यात्मक पूरकीकरण द्वारा प्लास्मोडियम AMP-अमोनिया-हरण (ए.एम.पी.डी.) के जैव-रासायनिक गुणधर्म वर्णन का कार्य किया है । ए.एम.पी.डी. का अचेतन (नॉकाउट) परजीवी – जीवन – चक्र की सभी स्तरों पर घातक नहीं होता, जबकि वर्धित प्रकटन ने संपूर्णरूप में वृद्धि को निर्बंधित किया है । उत्प्रेरक नियंत्रण प्लास्मोडियम फल्सिपरम Pf IMP- विशिष्ट 5'– न्यूक्लियोटाइडेस (केंद्रीकृत) के जीवीय (invivo) (शारीरिक) रूप से महत्त्व का विशिदिकरण किया गया है । इसके अतिरिक्त P-बर्घेरी में कोशिकीय प्रकार्यों के लिए आवश्यक चयापचयी शोधक-साक्ष्य किण्वक के रूप में फोस्फोग्लाइकोलेट फोस्फेटेज की स्थापना की गई है । संरचना तथा आण्विक-गतिकी अनुरूपण का उपयोग करके मेथानोकाल्डोकोकस जनाश्चि ग्लुटामाइनेज में ऊष्मा-स्थिरता के सुसिनाइमाइड आवेशित तंत्र को सुलझाया गया ।

प्रमुख प्रकाशन :

जयरामन वी. तथा अन्य 2018. प्लास्मोडियम फ्यूमरिट हाइड्रोटेज के जैव रासायनिक गुणधर्म वर्णन तथा उसकी अत्यावश्यकता । *J.Bio. chem.* 293 : 5878 – 5894

केंपय्या नागप्पा एल. के तथा अन्य 2019. फोस्फोग्लाइकोलेट फोस्फेटेज जो प्लास्मोडियम बर्घेरी में कोशिकीय प्रकार्य के लिए चयापचयी शोधक – साक्ष्य किण्वक की अत्यावश्यकता होती है । *J.Bio. chem.* 294 : 4997 – 5007

मनीषा एस. इनामदार

पी.एच.डी., एफ.ए.एस.सी., एफ.एन.ए.एस.सी., प्रोफेसर

नलिका कोशिका तथा संवहनी जैविकी प्रयोगालय

हमारे प्रयोगालय ने हालही में मानव बहु समर्थ नलिका कोशिकाओं में ऊर्जा चयापचयी उप-अवस्थाओं के अस्तित्व को प्रदर्शित किया है । हमने प्रथम बार भारत में हृत-संवहनी-त्रुटियों तथा अर्बुद रोगों के लिए प्रथम अचेतन मूषिका नमूने का निर्माण किया है ।



मानव बहु–समर्थ नलिका कोशिकाओं में ऊर्जा चयापचयी उप-अवस्थाएँ ।

प्रमुख प्रकाशन :

शेट्टी डी. तथा अन्य 2018. मानव बहु-समर्थता नलिका-कोशिकाओं में ऊर्जा चयापचयता के नियंत्रण हेतु OCIAD1 द्वारा विद्युदणु परिवरण श्रृंखला सम्मिश्र-I कार्यकलाप को नियंत्रित करता है । *Stem Cell Rep.* 11: 128–41.

कौस्तुव सन्याल

पी.एच.डी., एफ.ए.एस.सी., एफ.एन.ए.एस.सी., ए.ए.एम. के अधिसदस्य, प्रोफेसर

आण्विक कवक विज्ञान प्रयोगालय

हमारे प्रयोगालय ने, हालही में, यह प्रकटित किया है कि गुणसूत्र बिंदु के विकास में आर.एन.ए.आई. एक क्रांतिक घटक होता है क्योंकि आर.एन.ए.आई. की हानि आर.एन.ए.आई. निपुण प्रजातियों के गुणसूत्र बिंदु से पश्च क्रम परिवर्तन के संघर्षण को अग्रसर करती है, जो फ्राइप्टोकोकस की RNAi-त्रुटिपूर्ण प्रजातियों में लघुतर गुण-सूत्र-बिंदु को अग्रसर करता है (यादव तथा अन्य, 2018 PNAS) । इसके अतिरिक्त, ऐसे प्रोटीन Sad1 की भी पहचान की है, जो क्राइप्टोकोकस नियोफार्मान्स में केंद्रीय आवरण के प्रति गुणसूत्रों का स्थिरण (आश्रित) कर देता है तथा गुणसूत्र पृथक्करण के स्थानिक अस्थायी नियंत्रण के लिए यह अंतर्क्रिया महत्त्वपूर्ण होती है (यादव तथा सन्यास, 2018 m.Sphere)



गुणसूत्र पृथक्करण

प्रमुख प्रकाशन :

यादव वी. तथा अन्य 2018. निकटता से संबद्ध कवक में गुणसूत्र-बिंदु के विकास के लिए आर.एन.ए.आई. एक क्रांतिक निर्धारक होता है । *Proc Natl Acad Sci USA* 115 : 3108-3113.

वार्ष्णे वी. तथा अन्य 2019. क्रिप्टोकोकस नियोफॉर्मन्स में औरोरा स्वर्णिम क्षोभक-रस B 1pl1 द्वारा नाभिकीय प्रभाग के स्थानीय अस्थायी नियंत्रण. *PLOS Genetics.* 15 : e1007959.

रवि मंजिताया

पी.एच.डी., सहयोगी प्रोफेसर (एन.सी.यू. के साथ संयुक्त रूप से)
जी.आर.सी.-सदस्य

स्वभक्षी प्रयोगालय

हमारे प्रयोगालय का लक्ष्य है – खमीर से मानवों की श्रेणी में विभिन्न नमूने प्रणालियों के पर्यंत स्वभक्षी की प्रक्रिया को समझ लेना । इसकी उपलब्धि हेतु हमारे प्रयोगालय में दो अभिगमों का उपयोग विस्तार से किया गया है – (1) आनुवंशिक अभिगम-जहाँपर स्वभक्षी में अंतर्ग्रस्तता के लिए विभिन्न अत्यावश्यक तथा अ-अत्यावश्यक जीनों का चित्रांकन किया गया है ; तथा (2) रासायनिक अभिगम – जहाँ पर अल्प अणुओं का उपयोग स्वभक्षी के (अधिमिश्रण) रूपांतरण के लिए किया गया है, आगे उन्हें रोग नमूनों में वैध (मूल्यंकित) किया गया है । हालही में, हमने यह प्रकट किया है – स्वभक्षी में बाह्य कोशिका सम्मिश्र का पात्र क्या होता है, जो अन्यथा सच्चा रोमाइसेस सेरोवाईसाइस में स्रवण में वैधनिकता से सम्मिलित होने के लिए ज्ञात है । बाह्य कोशिका सम्मिश्र, जो प्रयोगालय में किए गए आनुवंशिक चित्रण (संवीक्षण) से प्राप्त एक (घटक) तत्व रहा था । उसी के समान एक सम्मिश्र, जिसे सप्तक सम्मिश्र कहा जाता है, को स्वभक्षी में अ-वैधानिक पात्रवाले रूप से दर्शाया गया है । इसके साथ ही, स्वभक्षी-सूत्र तथा बिदलन-सूत्र (ऑटोफेजीसोम तथा लाइसोसोम) विलयन को प्रतिरोध (रोकने) में प्रतिलोमतः निरोधक के पात्र को भी दर्शाने में समर्थ हो गए । एतद्वारा स्वभक्षीसूत्रीय यातायाती प्रक्रिया के अध्ययन के लिए एक नवल सक्षम उपकरण उपलब्ध करा सके हैं ।



सच्चारोमाइसेस सेरेवाइसाइ में स्वभक्षी सूत्री (एम चेर्री लेबलित Atg8) के चारों ओर जी.एफ.पी. टैगित Cdc10, Cdc11 तथा Shs1 रूपी अ-वैधिकीय वलय संरूपण ।

प्रमुख प्रकाशन

वत्स एस. तथा मंजिताया आर. 2019 प्रतिलोमी स्वभक्षी निरोधक स्वभक्षी सूत्री विदलन सूत्र (ऑटोफ़ेजोसोम तथा लाइसोसोम) विलयन को स्वभक्षीसूत्री में Stx17 के भरण (लदान) के प्रतिरोध द्वारा रोक सकता है । आण्विक जैविकी कोशिका 17:2283-95.

सिंह एस. तथा अन्य 2019. Atg9 यातायात (परिवहन) के नियंत्रण द्वारा स्वभक्षी जैवजननीयता में बाह्य कोशिका उप-सम्मिश्र प्रकाग्र – आण्विक जैविकी पत्रिका 431:2821-34.

तपस कुंदु

पी.एच.डी., डी.एस.सी., एफ.ए.एस.सी., एफ.एन.ए., एफ.एन.ए.एस.सी.,
प्रोफेसर (पुनर्ग्रहणाधिकार के साथ 08.08.2018 से लागू)

अनुलेखन तथा रोग प्रयोगालय (एन.एस.यू. के साथ संयुक्त रूप से)

हमने यह आविष्कार किया है कि अ-ऊतक वर्णक सहायित प्रोटीन PC4, न्यूनतम सूत्री अखंडता (अक्षतता) के लिए क्रांतिक होता है तथा कोशिकाओं में इसकी क्षीणता का परिणाम केंद्रीय आकार परिवर्तन वर्णक की मुक्तता (खुलना) तथा परिवर्तित पश्चजननीय परिदृश्य के रूप में होता है । हमारे अध्ययनों ने यह दर्शाया है क PC4 –स्वभक्षी के नियंत्रक होता है तथा यह कोशिकीय समस्थैतिकता का अनुरक्षण करता है । (सिकदर तथा अन्य, 2019) । आगे, हमने वसा – जननीयता तथा मुख-अर्बुद रोग में मिथाइलट्रान्सफरेस किण्वक CARM1 के पात्र तथा इनकी प्रक्रियाओं में इसके प्रकटन के नियंत्रण के आधारभूत तंत्र का प्रदर्शन किया है (बेहेरा तथा अन्य, 2018 - बेहेरा तथा अन्य 2019) । हमारे विस्तरित अनुसंधान ने यह दर्शाया है कि अल्प अणु संयोजित नानोकण (CSP-TTK 21) का उपयोग करके लाइसिन असिटाइल ट्रान्सफरेस किण्वक, p300/CBP का सक्रियन अल्ज़ीमर रोग से संबंधित स्थानिक स्मरण तथा सुघट्यता (फ्लास्टिसिटि) (न्यूनताओं) क्षीणताओं को समर्थता से पुनर्पूरण कर सकता है । (चटर्जी तथा अन्य, 2018), साथ ही मेरुदंड घावों में मूषिका तथा चूहा नमूनों में संवेदन तथा चालन (मोटार) प्रकार्यों के पुनर्पूरण में सहायता कर सकता है (हट्सन तथा अन्य) ।



अल्ज़ीमर रोग से संबंधित स्मरण (क्षतियों) क्षीणताओं का पुरर्पूरण ।

प्रमुख प्रकाशन :

सिकदर एस. तथा अन्य 2019. अ-ऊतक मानव वर्णक प्रोटीन *PC4 FEBS J. doi* : 10.1111/febs.14952

चटर्जी एस. तथा अन्य 2018. असिटाइलट्रान्सफेरेस सक्रियक के साथ टाओपथि मूषिका में सुघट्यता तथा स्मरण की पुनर्स्थापना. *EMBO Mol. Med.* 10(11) : e8587.

अनुरंजन आनंद

पी.एच.डी., एफ.ए.एस.सी., एफ.एन.ए.,
एफ.एन.ए.एस.सी., प्रोफेसर

मानव आनुवंशिकी प्रयोगलय

भारत के जम्मू एवं कश्मीर के धढ़की ग्राम के श्रवण क्षति के प्रमुख कारण हैं – OTOF, CLDN14 तथा SLC.26A4 में उत्परिवर्तन । कारणीभूत उत्परिवर्तनों की पहचान के लिए दो-चरणीय अभिगम में हमने 45 सदस्योंवाले एक विस्तरित परिवार, जिसमें सम्मिलित थे – 23 प्रभावित तथा 22 अप्रभावित सदस्य थे – में संपूर्ण न्यूनतम – सूत्री - आधारित विश्लेषण का कार्य किया है । इसके अतिरिक्त श्रवण-क्षति के साथवाले सात (अल्प) छोटे परिवारों में बहरेपन के प्रति अतिसंवेदनशीलता के कारणीभूत ज्ञात अनेक जीनों का विश्लेषण किया है । हमने p.R708X (OTOF में c.2122C>T उत्परिवर्तन) के साथ OTOF, CLDN14, तथा SLC26A4 में नवल उत्परिवर्तनों की पहचान, श्रवण-क्षति के प्रमुख कारण के रूप में (रेखाचित्र) की है । हमारे परिणाम यह सुझाते हैं कि इस जनसंख्या में श्रवण क्षति के कारक-तत्व में पर्याप्त मात्रा में आनुवंशिक विषम जननीयता रही है । इससे आगे, अनुकूलकारी, स्वकायिक पश्चगामी, पूर्व-जिह्वीय, अ-संलक्षणीय तथा कठोर से गंभीर श्रवण क्षतिके साथ 750 परिवारों की विस्तृत परीक्षा ने यह प्रकट किया है कि बहरेपनके कारक जीनों में रोगजननीयता के हमारे ज्ञानको विस्तरित किया है । आनुवंशीय श्रवण-क्षति का भार (युक्तता)के प्रति इन जीनों के सापेक्ष योगदानों के ज्ञान से सुयोग्य (उपयुक्त) हस्तक्षेपीय चिकित्साओं के लिए शीघ्रविकार की संसूचना (शोध) तथा कार्यान्वयन के लिए “आनुवंशीय परिकलन – प्रक्रिया” की युक्ति (तंत्र) के लिए सहायता हो सकती है ।



वंशावलियाँ KSH01-KSH08 A: 2p24-p22 अंकक (मार्कर) आवृत्ति प्रकारी तथा OTOF, c.2122C>T in KSH01 में । सदस्यों को न्युनतमसूत्री-संवीक्षण (तारा चिह्नित) के लिए लिया गया है तथा अतिरिक्त प्रभावग्रस्त सदस्यों को अनुवंश – व्यवस्था तथा उनके पैतृकों / पूर्वजों को चित्रित सूक्ष्म उपग्रहीय अंकनों के रूप में (बाई ओर) । प्रभावग्रस्त गुणसूत्र (काले बार्स) विशिष्ट पुनर्संयोजन सीमाएँ (बाणाकार), स्वसंयुग्मन अनुवंश व्यवस्थित (मोटे इटालिक) तथा अनुमानित अनुवंश व्यवशित (लघु कोष्ठक) को सूचित करते हैं । NSG से 2p24-p22 के प्रति संयोजन की शाखा की अनुपस्थिति को दर्शाता है । B: KSH02-KSH08 तथा KSH01. से पृथक उत्परिवर्तन - c.2122C>T, c.254T>A तथा c.1668T>A का संकेत मिलता है ।

एम.आर. सत्यनारायण राव

पी.एच.डी., एफ.ए.एस.सी., एफ.एन.ए., एफ.एन.ए.एस.सी., एफ.ए.एम.एस., एफ.टी.डब्ल्यू.ए.एस. मानद प्रोफेसर, एस.ई.आर.बी. वाई.ओ.एस., चेयर प्रोफेसर

वर्णक जैविकी प्रयोगालय

mrhl दीर्घ–कोडन आर.एन.ए. का प्रकटन मूषिका भ्रूणीय नलिका कोशिकाओं (ई.एस.) में होता है । प्रकार्य-हानि के अध्ययन ने यह दर्शाया है कि mrhl आई.आर.आई.सी. – RNA की आवश्यकता बहुसमर्थता के लिए नहीं है, परंतु ई.एस. कोशिकाओं के वंशावली विशिष्ट विभेदन के लिए आवश्यकता होती है । lncRNA का न्यूनतम सूत्री पर्यंत अधिग्रहण (व्यासि) तथा अनुलेखनात्मकता (ट्रान्सस्क्रिप्शेम) के अध्ययनों ने यह संकेत दिया है कि वर्णक अधिग्रहित क्षेत्रों तथा mrhl lncRNA के नियंत्रण का अनुसरण करनेवाले क्षोभकृत जीन – इससे पहले वीक्षित बी-प्रकारी वीर्याणु जननीय कोशिकाओं से संपूर्ण रूप से भिन्न होते हैं । हमने mrhl RNA के मानव सादृश्य का गुणधर्मवर्णन किया है तथा यह वीक्षण किया है कि यह (स्नायुक-संधि) सिंटेनिकली संरक्षित होता है, क्योंकि यह मूषिका प्रतिपक्ष का होता है । TH2B एक प्रमुख ऊतक परिवर्ती होता है, जो स्तनीय वीर्याणु कोशिकाओं तथा वीर्याणु सदृश्यों में कायिक एच2बी का लगभग 80-85% को प्रतिस्थानित करता है । टीएच2बी पर परिवर्तनोत्तर रूपांतरों (PTMओं) का उत्तमतर रूप से गुणधर्मवर्णन वीर्याणु कोशिकाओं तथा वीर्याणु सदृश्यों में किया गया है। परंतु TH2B पर इन PTMओं के जैविकीय प्रकार्यों को विस्तृत रूप से गूढार्थ नहीं निकाला गया है । ऊतक परिवर्ती TH2B के अद्वितीय प्रकार्य/र्यों के गूढार्थ निकालने के हमारे प्रयत्न में हमने इसकी संसूचना प्राप्त की है कि वीर्याणु कोशिकाओं में TH2B पर सेरिन 11 फोस्फोराइलेशन (TH2BS11PH) के एन-अंत्य पृच्छ में रूपांतरण होता है । अत्यंत विशिष्ट प्रतिपिंडों के साथ रोगनिरोधक संदीप्ति ने यह प्रकट किया है कि TH2BS11P ऊतक चिह्न (अंकन) की समृद्धता, लैंगिक काय के असूत्रयुग्मनधुरी में होती है तथा Scp3, γH2AX, pATM तथा ATR जैसे प्रोटीनों से संबद्ध XY काय (पिंड) के साथ सहयोगित होता है. P20 C57BL6 मूषिका वृषण कोशिकाओं में चिप अनुक्रमण प्रयोगों से निर्धारित के अनुसार नयूनतम सूत्री-व्यापि अधिक्रहण के अध्ययनों ने यह प्रकट किया है कि TH2BS11P की समृद्धि जो स्थूल सूत्र वीर्याणु कोशिकाओं में रोग-निरोधक संदीप्ति आभिरंजन (कलंक) की पुष्टि X तथा Y गुणसूत्रों में होती है । XY काय में इस रूपांतरण के स्थानीकरण के अलावा, TH2BS11ph प्रमुखता से H3Kme3- के सहयोगित होता है,जिसके जीन उन्नयकों जैसे न्यूनतम सूत्री-क्षेत्र निहित होते हैं । इन डाटाओं को P12 C57BL6 मूषिका-वृषण कोशिकाओं में किए गए TH2BS11ph ऊतक चिह्न पाया गया है जिसमें हमने H3Kme3- से युक्त न्यूनतम सूत्री क्षेत्रों पर इस रूपांतरण के पूर्ण-प्रधान्य स्थानीकरण को पाया है । एक केंद्रकसूत्री (काय) से युक्त TH2BS11ph के साथ सहयोगित प्रोटीन के द्रव्यमान वर्णक्रममिति विश्लेषण ने XY काय, परि (बाह्य) केंद्रिक विषमवर्णक तथा अनुलेखन के प्रकार्यों से संयुज्य प्रमुख प्रोटीनों को प्रकट किया है ।

प्रमुख प्रकाशन :

आखाडे वी.एस. तथा अन्य 2016, मूषिका वीर्याणु-पूर्वज कोशिकाओं में एम.आर.एच.एल. दीर्घ अ-कोडन आर.एन.ए. के अवनियंत्रण से आवेशित writ संकेतन का तंत्र । न्यूक्लिक एसिड रिसर्च 44(1); 387-401.

काटरूका एस. तथा अन्य 2017. नियंत्रक (सॉक्स) SOX प्रकटन द्वारा मूषिका वीर्याणु पूर्वज कोशिकाओं के एम.आर.एच.एल. दीर्घ अ-कोडन आर.एन.ए. मध्यस्थित ह्रास-विभाजनी दायित्व / - *आण्विक तथा कोशिकीय जैविकी*; 37(14) : e00632-16.

कुशाग्र बन्सल

पी.एच.डी., संकाय अधिसदस्य

हमारे प्रयोगालय का प्राथमिक ध्यान सस्तनियों में रोगनिरोधक कोशिकाओं के व्यवहार (स्वभाव) को नियंत्रित करने वाले सम्मिश्र नियंत्रक कोडों (संहिताओं) को समझलेने हेतु विस्तृत यांत्रिकी के निर्माण करने पर केंद्रीकृत रहा है । विशेषकर हमने यह अन्वेषित किया है कि किस प्रकार न्यूनतम सूत्री द्वारा कोडीकृत "CIS" तथा "trans" जैसे कार्यकारी घटकों को अनुलेखनात्मक तथा पश्चजननीय (यांत्रिकता) तंत्र में समेकित किया गया है, जो एक स्वस्थ रोगनिरोधक प्रतिक्रिया को सुविधाकृत करता है तथा ये आण्विकपरिपथ किस प्रकार रोगनिरोधक मध्यस्थित रोगों में असफल होते हैं – इसके बारे में गूढार्थ निकालने का प्रयत्न किया गया है । बहाव कोशिकामिति, (अनुलेखनिकी) ट्रांसकिप्टोमिक्स (RNA-Seq सूक्ष्म विन्यास), न्यूनतम सूत्री व्यापी वर्णक – मानचित्रण तकनीक (तंत्र) (Chip-Seq, ATAC-Seq), उच्च-संवेह गुणसूत्र पुष्टि प्रग्रह वर्गीकरण (Hi-C) से मूषिकाओं में आनुवंशिक क्षोभकारिता जैसे विभिन्न कोटि के अंतर्विषयक प्रयोगमूलक उपमानों की श्रेणियों के संयोजन द्वारा हमने रोग निरोधक कोशिका प्रकार्यों के नवल आण्विक मध्यस्थों को अनावृत किया है । सयत:, हमने अपना ध्यान DNA पारिस्थितिकी के नियंत्रकों तथा न्यूनतम सूत्री उच्च संरचना के संबंध को रोगनिरोधक कोशिकाओं के समलक्षणी के साथ स्थापित करने पर केंद्रीकृत किया है तथा प्राथमिक परिणाम यह सुझाते हैं कि इनमें सहजात में तथा साथ ही अनुकूलात्मक रोगनिरोधक प्रतिक्रियाओं के मध्यस्थों के नियंत्रणात्मक पात्र होता है । हमारे प्रयोगालय ने स्व-अभिक्रियात्मक टी-कोशिकाओं के नकारात्मक चयन के (वादन) लयात्मकता में तीन आयामीय (3डी) वर्णक-संरचना के गतिकीय नियंत्रण में सम्मिलित होनेवाले एक नवल तंत्र की पहचान की है ।



मज्जक अजवाईन अधिछद्रक कोशिकाओं में chr9 के गुणसूत्रीय संपर्क रूपरेखा (नक्शा)

एकक के सदस्य

प्रोफेसर एवं चेयर
रंगा उदयकुमार

प्रोफेसर
अनुरंजन आनंद (एनएसयू के साथ सहयोगित)
हेमलता बलराम
कौस्तुव सन्याल
मनीषा एस. इनमदार
तपस कुमार कुंडु (एनएसयू के साथ सहयोगित तथा 08.08.18 से पुनर्ग्रहणाधिकार के साथ)

सहयोगी प्रोफेसर
रवि मंजिताय (एनएसयू के साथ सहयोगी संकाय)
मानद प्रोफेसर
एमआरएस राव

संकाय अधिसदस्य
कुशाग्र बन्सल

अनुसंधान विद्यार्थी
आदित्य बट्टाचार्य, ऐश्वर्या प्रकाश, आकार कुमार सिंह, अक्षय सी नंबियार, अलीस सिन्हा, अनन्या रे, अंजली आम्रपली विश्वनाथ, अंकित शर्मा, अनुषा चंद्रशेखरमठ, अनुष्का चक्रवर्ती, अरिंदम रे, अर्पिता ए सूर्यवंशी, अरुण पंचपकेशन, आशुतोष बी आर, बार्वे गौरव रमानंद, भांगे दिशा रमेश, भट्ट मल्लिका दत्तात्रेय, भावना कय्यर, छवी सैनी, कुकू तेरेसा जेट्टो, डोंगरे अपर्णा विलास पुष्पलता, डोंगरे प्रथमेश राजेश, हर्षदीप कौर, इरिने मरिया अब्राहम, इशफाख़ अहमद बाबा, अय्यर आदित्य महादेवन, ज्योत्सना करन, कामत काजल मुरली, करणदीप सिंह, कोयल रॉय, कृष्णेंदु गुइन, कुलदीप दास, कुमारी रुचिका रंजन, लक्ष्मीश के एन, मौमिता बसु, निवेदिता पाण्डे, पद्मालय, पलक अगरवाल, पल्लबी मुस्ताफी, पल्लवी चौबे, पोलिसेट्टी वी एस, सत्य देव, पूजा बरक, प्रीति जिन्दाल, प्रिया ब्रह्मा, प्रिया जेटली, राहुल मदान, राजश्री बतब्याल, रणबीर चक्रबोर्ती, राशि अगरवाल, रेश्मी रवि, रीमा सिंघा, रोहित गोयल, सहेली रॉय, सलोनी सिन्हा, सांभवी पुरी, संतोष एस, शर्मा प्रज्ञा नीरज, श्रेयस श्रीधर, श्रीलक्ष्मी वी. जोशी, श्वेता जयशंकर, सिद्दार्थ सिंह, स्मिता ए एस, सोम्या वत्स, श्रेष्ठ पाल, श्रीजन दत्ता, एस सुदर राम, सुचिस्मिता डे, सुनैना सिंह रजपुत, वीणा ए, वुल्लिगुंडम प्रवीण, यशस्विनी रै

अनुसंधान वैज्ञानिक बी
लक्ष्मी श्रीकुमार

अनुसंधान सहयोगी
सी एन राहुल (डीबीटी), दिवेश जोशी (अनंतिम) कीर्ति (डीबीटी), एम. जयप्रकाश राव, नरेंद्र नाला, नेहा वार्ष्णे, राजाजी विन्सेंट (अनंतिम) संगीता दत्ता (डीबीटी), संतोष शिवकुमारस्वामि (अनन्तिम), शरमिष्ठा हल्दर सिन्हा, श्रीदेवी पी (डीबीटी), श्वेता सिकदर, वी शालिनी (डीबीटी).

SERB (TARE)
धनलक्ष्मी

SERB NPDF
अश्वथी नारायण, ममता नेगी, मुहम्मद हाशिम रेज़ा, सुमन यादव श्रिंका सेन

कनिष्ठ अनुसंधान अधिसदस्य
अभिजित दास, डोंगरे अपर्णाविलास, हैदर अलि, इला जोशी, कविता मेहता, एम.के. श्रुति, प्रियदर्शिनी सन्याल, तेजल आर. गुजराती, उत्स भादुरी, विनय जे राव

वरिष्ठ अनुसंधान अधिसदस्य
आकाश साम, डयाना रोड्रिगुस, ज़निय

प्रयोगालय प्रबंधक
श्वेता एल.आर.

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी
प्रकाश आर जी
तकनीकी अधिकारी ग्रेड II
सुमा बी एस

महिला विज्ञानी योजना ए.
श्वेता पंचाल, लक्ष्मी गरिमेल्ला

परियोजना सहायक
धरणीश्वर रेड्डी एम, गिरिजा जे सुबोधी, विशाखा गंगाधर शेवले

परियोजना तकनीकी अधिकारी
कृति एच.टी.

अनुसंधान एवं विकास सहायक
अफजल अमानुल्ला, अनंगी ब्रह्मय्या, हर्षित कुमार प्रजापति मृदुला गिरिधरन, एस दीपक, स्वाती सिंह

अनुसंधान सहायक
शालिनी रॉय चौधुरी

परियोजना तकनीशियन
सुनील कुमार आर

प्रशिक्षु
सहना रवि

MBGU की एक झलक

संकाय द्वारा प्राप्त पुरस्कार

प्रो. एम आर एस राव - साइन्स चेयर प्रोफेसरशिप SERB - विज्ञान वर्ष ।

प्रो. कौस्तुव सन्याल - अमरीकी सूक्ष्म जैविकी अकादमी के अधिसदस्य, सहयोगी संपादक, कोशिकीय संदूषण सूक्ष्म जैविकी में सीमांत, टाटा इन्नोवेशन अधिसदस्यता से पुरस्कृत ।

प्रो. कुशाग्र बन्सल - जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा रामलिंग स्वामी पुन: प्रवेश अधिसदस्यता ।

प्रो. मनीषा इनामदार - कर्नाटक सरकार के के.एस.सी.एस.टी. द्वारा वर्ष 2017 के लिए विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिला विज्ञानी के लिए डॉ. कल्पना चावला पुरस्कार, प्रो. सी.एन.आर. राव वक्तृता पुरस्कार – 2019, अभिशासन के लिए वैश्विक मानकों के विकास तथा मानव न्यूनतम सूत्री संपादन पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) विशेषज्ञ परामर्शी समिति के सदस्य, अनुसंधान योजना समिति में वैश्विक जैवनैतिकता मंच के सदस्य – 2019, भारतीय विज्ञान अकादमी के विज्ञान में महिला नामिका के सदस्य, भारतीय विज्ञान अकादमी के पशु एवं पादप (सस्य) विज्ञान की अनुभागीय समिति के सदस्य, भारत सरकार के DBT (जै.प्रो.वि.) के औषधीय जैव प्रौद्योगिकी पर वैज्ञानिक तकनीकी मूल्यांकन तथा परामर्शी दल के सदस्य, भा.स. के जै.प्रौ.वि. (GoI-DBT) के नलिका कोशिका एवं पुनरुज्जीवन औषध पर तकनीकी विशेषज्ञ समिति का (सह-अध्यक्ष) को-चेयर ।

प्रो. तपस के. कुंदु - उत्तर बंग कृषि वि.वि. के DSC हॉनरस कॉसा; आगंतुक प्रोफेसर आदिचुंचनगिरि वि.वि. - टी.जी. नगर, कर्नाटक (2019-अद्यतन); प्रतिष्ठित प्रोफेसर – SDU उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान अकादमी, कोलार-कर्नाटक; आई.आई.टी., आई.आई.एस.सी.आर. तथा सी.एस.आई.आर. के संकाय भर्ती समिति के सदस्य ।

प्रो. हेमलता बलराम – विज्ञानी पुरस्कार – कर्नाटक राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद; भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी अधिसदस्यता – 2018; निम्नों के लिए सदस्यता :
सदस्य – अनुभागीय समिति (जैविकी), भारतीय विज्ञान अकादमी (2019-), सदस्य-पशु विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी RC, CSIR (2019-2022) ; सदस्य - तकनीकी विशेषज्ञ समिति (TEC); मेडिकल जैव प्रौद्योगिकी विशिषज्ञ समिति उत्तर पूर्वी क्षेत्र (2019);
सदस्य मेडिकल जैव प्रौद्योगिकी पर DBT-NER वैज्ञानिक एवं तकनीकी मूल्यांकन तथा परामर्शी दल (STAG).

प्रो. नमिता सुरोलिया – डीबीटी प्रतिष्ठित जैवतकनीकी अनुसंधान प्रोफेसरशिप पुरस्कार

MBGU की एक झलक

विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त पुरस्कार

गौरव बारवे ने JCS प्रकाशन में अग्रणी लेखक के रूप में साक्षात्कार दिया ।

सोम्या वत्स ने न्यूटन – भाभा अधिसदस्यता प्राप्त की है ।

नेहा वर्ष्णे ने दिसंबर 2018 में हुई गुणसूत्र (वंशावली) स्थिरता बैठक में PLoS आनुवंशिकी अत्युत्तम भित्ति चित्र पुरस्कार प्राप्त किया है ।

श्रीदेवी पद्मनाभन को डॉक्टरोत्तर अधिसदस्य श्रेणी में AWSAR पुरस्कार ।

प्रायोजित परियोजनाएँ

		वर्ष 2018-19 के दौरान प्राप्त राशि
नई परियोजनाएँ	12	19.41 लाख
जारी परियोजनाएँ	41	3.69 करोड

4 पी.एच.डी. तथा
9 एम.एस.
प्रवेश प्राप्त विद्यार्थी

8 पी.एच.डी. तथा
6 एम.एस.
स्नातक प्राप्त विद्यार्थी

38
प्रकाशन

नव रासायनिकी एकक (NCU)

NCU के बारे में

न.रा.ए. का सृजन ज.ने.उ.वै.अ.कें. द्वारा 11वीं पंचवर्षीय योजना के अंग के रूप में वर्ष 2010 में किया गया । यह एकक रासायनिक जैविकी, रासायनिक विज्ञान तथा पदार्थ-विज्ञान के अंतरापृष्ठ के अनुसंधानात्मक क्षेत्रों पर महत्व देते हुए रासायनिक-विज्ञान की अंतर्शाखाओं के पहलुओं पर कार्य करता है । न.रा.ए. ने विभिन्न पदार्थों के संपूर्ण गुणधर्मवर्णन तथा विश्लेषण के लिए सन्नद्ध (सुसज्जित) प्रयोगात्मक सुविधाओं को विकसित कर लिया है । यह एकक समकालिकता (तुल्यकालिकता)-तंत्र जैसे सन्नद्ध (सुसज्जित) सुविधाओं के प्रति अभिगम प्राप्त करने हेतु विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्रों के साथ सक्रियता से सहयोग कर रहा है । विगत वर्षों में न.रा.ए. देश के अग्रणी रासायनिक विभागों में से एक के रूप में उभर आया है तथा अनुप्रयोगात्मक (रूपांतरात्मक) अनुसंधान में यह एकक उत्कृष्ट हो गया है तथा अनेक राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय एकास्वाधिकारों के साथ अपने संकाय – सदस्यों द्वारा दो नवोद्यमों को प्रारंभ कर दिया गया है ।

अनुसंधान के क्षेत्र

न.रा.ए. में अनुसंधान का ध्यान निम्नलिखित क्षेत्रों पर केंद्रीकृत रहा है :

- घन-अवस्था तथा पदार्थ रासायनिकी, जैविक संश्लेषण, जैव पदार्थ, अल्ज़मीर रोग, पाचक (पेप्टाइड) रासायनिकी, प्रति-जैविकी, प्रति-सूक्ष्माणुवीय पाचक अनुकरण, अधि-आण्विक रासायनिकी, प्रतिमानीय बहुलक, चालक बहुलक, उच्च-विभेदन प्रतिबिंबन, डी.एन.ए. नानो-प्रौद्योगिकी, अर्ध-चालक नानो-पदार्थ, बहु प्रकार्यातमक धातु जैविक संकट, औषधीय रासायनिकी, रासायनिक तंत्रिका-विज्ञान, सैद्धांतिक रासायनिकी, कार्बन तथा आक्साइड आधारित पदार्थ उत्प्रेरक, कार्बन-नानो-संरचना रासायनिकी । न.रा.ए. के नवीकरणीय ऊर्जा अनुसंधान के प्रमुख कार्यकलापों में सम्मिलित हैं – जल-विखंडन, इंधन-कोशिका, CO_2 न्यूनन, Li/Na बैटरियाँ तथा ऊष्म-विद्युतिकी ।

अनुसंधान अंतर्दृष्टियाँ

- स्थिर फोस्फोरिन प्रमात्रा बिंदुकाओं (PQDयों) का निर्माण टोलोइन तथा मेसिटाइलिन जैसे अत्यंत अ-ध्रुवी विलायकों में (काले) कृष्ण फोस्फोरस के ध्वनिकरण द्वारा किया गया है ।
- जैविक वर्णधारी के साथ 2D नानोशीटों के असुसंहत प्रकार्यात्मकता के लिए पोषक-पोषित रासायनिकी के आधार पर एक नवल अधि-आण्विक कौशल का विश्लेषण किया गया है ।
- प्रकाश विद्युतीय (PEC) जल-विखंडन के लिए Cu_2O प्रकाश – विद्युदग्र फिल्म की प्रकाश स्थिरता का सुधार सह-उत्प्रेरक के रूप में NixPy के साथ अंतरापृष्ठीय पटिका-धार (बैंड-एड्ज) ऊर्जिकी की अभियांत्रिकी (के विन्यास) द्वारा किया गया है ।
- अल्ज़मीर रोग की शीघ्र नैदानिकी के लिए संकर (पाचकों) पेप्टाइडों अल्प अणु आधारित उपकरणों का विकास ।
- न्यूनतम विषाक्तता के साथ प्रतिजीवाणुवीय क्रियाकलापों के निर्धारण में महत्वपूर्ण पात्र वाली आण्विक संरचना में ध्रुवीय तथा अध्रुवीय अर्धांशों में विशिष्ट व्यवस्था (रचना) को सिद्ध करने हेतु वसामय नार्स्पेरमाइडाइनों के व्युत्पन्नों का विकास किया गया ।
- मेथिसिलिन निरोधक (प्रतिरोधक) स्टाफाइलोकोकस औरेस के विरुद्ध एक अत्यंत सक्रिय द्वय-प्रकार्य बहुलक-रजत नानो-सम्मिश्रों का विकास किया गया ।
- पदार्थ की लौह विद्युतीय स्थिरता की अभियांत्रिकी द्वारा उसकी वाहक चलनशीलता का ह्रास नहीं करते हुए पदार्थ – kL को अर्थपूर्णता से न्यून करने हेतु एक मूलभूत नये कौशल का अन्वेषण किया गया है ।
- विस्तृत अध्ययन ने अल्पस्थायी Mn_{3+} अवस्था के आविर्भाव को अग्रसर किया है, जिसे आगे चक्रण निर्भर सांद्रता प्रकार्यात्मक सिद्धांत परिकलनाओं के साथ परिपुष्ट कर दिया गया है । यह बाह्य प्रदीपन द्वारा चुंबकीय आयॉन की चक्रण अवस्था के नियंत्रण द्वारा अर्धचालक नानो-संरचना में उच्च विकिरक क्षमता तथा प्रत्यावर्ती प्रकाश रासायनिक अभिक्रिया को समझलेने हेतु एक अद्वितीय अवसर प्रदान करता है ।
- मानवोद्भविक CO_2 को रासायनिकों तथा इंधनों में परिवर्तन के लिए एक समेकित प्रौद्योगिकी का विकास कर लिया गया है ।
- जीवंत / सजीव तथा संतुलित (सादृश्य) अधि-आण्विक बहुलकता से परे (में से) रासायनिक इंधन चालित अभिगम का प्रारंभ ।
- जलीय प्रावस्था फोस्फोरेसों (स्फुरदीप्त) की संकल्पना तथा अधि आण्विक साँचा अभिगम द्वारा परिवेशी परिस्थितियों में (जल में भी) लाल प्रकाश उत्सर्जक कक्ष-तापमान स्फुरदीप्ति जैविक प्रणाली का प्रारंभ ।
- Na-आयॉन बैटरियों में ताराकार चक्रीय निष्पादन के वेनेडियम आधारित NASCION ऋणाग्र - $Na_3V_2(PO_4)_3$ का प्रदर्शन किया गया ।
- जैव-लंबकोणीय प्रतिबिंबन तथा संवेदन, उच्च-विभेदन प्रतिबिंबन तथा चिकित्सात्मक पदार्थों के वितरण तथा सक्रियन हेतु नए अभिगमों को विकसित कर लिया गया है ।

सी.एन.आर. राव

डी.एससी., पीएच.डी., एफ.आर.एस., मानद एफ.आर.एससी., लाइनस पॉलिंग अनुसंधान प्रोफेसर तथा चेयर NCU

पदार्थ संश्लेषण प्रयोगालय

फोस्फोरिन, जो मूल तत्वीय फोस्फोरस का एक-परतीय है, जो एक संवेदनात्मक 2□ अर्धचालक के रूप में आविर्भावी हुआ है । वह 0.3-2.0 eV (श्रेणी) रेंज में सघन (मोटा) नादात्मक बैंड-गैप, उच्च आवेशवाहक चलनशीलता (~ 1000$cm^2V^{-1}s^{-1}$) तथा I_{ON} / I_{OFF} अनुपात >105 को दर्शाता है । परंतु, इस फोस्फोरिन का अन्वयन परिवेशी परिस्थितियों में निर्बल स्थिरता द्वारा सीमित होता है । हमने यह दर्शाया है कि इस फोस्फोरिन को परिवेशी परिस्थितियों में इसके गुणधर्मों की हानि किए बिना ही (खोए बिना ही) लेविस आम्लों [जैसे – $InCl_3$ $B(C_6H_5)_3$] के साथ रासायनिक प्रकार्यात्मकरण के बाद स्थिर किया जा सकता है । प्रकार्यात्मकृत फोस्फोरिन, जल में उत्तम प्रकीर्णता तथा इससे पूर्व के प्रतिदर्शों की तुलना में उच्चतर तथा हृष्टपुष्ट H_2 विकास अभिक्रिया (HER) क्रियाकलाप को प्रदर्शित करता है । इस फोस्फोरिन के HER क्रियाकलाप को आगे और MoS_2 तथा $MoSe_2$ जैसे अन्य 2D पदार्थों के साथ इसे सुसंहतता से तिर्यक (संजोजन) बंधनी द्वारा वर्धित किया गया है । फोस्फोरिन -MoS_2 नानो – सम्मिश्र के उत्कृष्ट HER क्रियाकलाप को 2D शीटों के अनुक्रमित तिर्यक-बंधनी का प्रतीक माना जा सकता है ।

विगत वर्ष में, हमने 2D पदार्थों के क्षेत्र में अनेक प्रकार की प्रगति की है । स्थिर फोस्फोरिन प्रमात्रा बिंदुकाओं (PQDयों) का निर्माण 1.0 तथा 5.0nm के अंतरवाले औसत आकारों के साथ, टोलुइन तथा मोसिटाइलिन जैसे अत्यंत अ-ध्रुवीय विलायकों में काले (कृष्ण) फोस्फोरस के ध्वनिकरण द्वारा किया गया है । ये PQDयों उत्तेजक तरंग दैर्घ्य – निर्भरित नीली प्रकाश प्रदीप्ति को प्रदर्शित करते हैं । अर्सेनिन नानो-शीटों तथा प्रमात्रा बिंदुकाओं का निर्माण समुचित विलायकों में धुँधले (धूसर) अर्सेनिक के द्रव-अपशल्कन द्वारा किया गया है. 1T-MoS_2 तथा $MoSe_2$ की स्थिरता को सरल जल-ऊष्मीय तथा विलायक ऊष्मीय पद्धतियों के द्वारा सुधारा गया है । ग्राफेन MoS_2, C_3N_4 तथा BCN जैसे 2D संरचनाओं के सुसंहत – तिर्यक – बंधनी ने युग्मन-अभिक्रियाओं के उपयोग द्वारा वर्धित सतह क्षेत्रों, उच्चतर अति-धारिता निष्पादन तथा जल-जनक विकास जैसे नए या सुधरे गुणधर्मों के नवल – पदार्थों का उत्पादन होने दिया है । इसके अलावा, पोषक-पोषित रासायनिकी पर आधारित एक नवल अधि-आण्विक कौशल का विश्लेषण, जैविक वर्णधारियों के साथ 2D नानो-शीटों के असहसंजोजक प्रकार्यात्मकरण के लिए किया गया है । इस कौशल को HER क्रियाकलापों के लिए अधि आण्कि विषम-संरचनाओं के संश्लेषण के प्रति विस्तरित किया गया है । बहुलक – साँचों के यंत्रिकीय तथा ऊष्मीय गुणधर्मों का वर्धन,विविध सम्मिश्रों (संयोजनों) के परतीय BCN के साथ पुनर्बलन के साथ किया गया है । बैंड (पट्टिका) संरचनाओं के विन्यास (अभियंत्रण) के लिए धातु आक्साइडों तथा सल्फाइडों में अलियो सहसंयोजक ऋणायन प्रतिस्थानन द्वारा किया जा सकता है । अनुरूप आक्साइडों के जालकों में 'O' के संपूर्ण प्रतिस्थानन द्वारा Cd_2NF तथा TiNF का संश्लेषण किया गया है । अलियोवेलेंट P_{3-} तथा X(X=Cl, Br, I) आयॉनों द्वारा Cds में S_{2-} के संपूर्ण प्रतिस्थानन को सीधे बैंड गैपों तथा उत्कृष्ट जलजनक-विकास तथा CO_2 न्यूनन गुणधर्मों को $Cd_4P_2X_3$ (सम्मिश्र) संयोजन के यौगिक प्रदान करनेवाले के रूप में पाया गया है । शुद्धजल के साथ जल-विखंडन के लिए ज्ञात विभिन्न उत्प्रेरकों के द्वारा गोचर प्रकाश – प्रदीपन के अधीन सागर जल को जलजनक में सक्षम न्यूनन का अध्ययन किया गया । सह – उत्प्रेरक के रूप में NixPy के साथ अंतरापृष्ठीय बैंड – (पट्टिका) धार ऊर्जिकी की अभियांत्रिकी की द्वारा प्रकाश विद्युत रासायनिक (PEC) जल-विखंडन के लिए Cu_2O प्रकाश ऋणाग्र की प्रकाश – स्थिरता को सुधारा गया है । विषम (संधि) जंक्शन विद्युदग्र PEC जलजनक विकास के लिए स्थिर होते हैं क्योंकि Cu_2O के समूह (राशि) से CuO तथा NixPy के जरिए विद्युत-अपघट्य के प्रति (की ओर) सहज (सुनम्य) आवेश स्थानांतरण होता है । परमाणुवीय परत निक्षेप एक रासायनिक वाष्प निक्षेप तकनीक (तंत्र) है जो अनिल प्रावस्था रासायनिक प्रक्रिया के अनुक्रमिक उपयोग पर आधारित होता है । MoS_2 नानो-भित्ति जालकार्यों के एकल स्फटिकीय अधिन्यासीय (स्तरीय) फिल्मों की सफलता पूर्वक ऊष्मीय ALD द्वारा C- सफायर पर उत्पन्न (वर्धित) किया गया है ।



फोस्फोरिन प्रकार्यात्मकरण तथा HER अध्ययन ।

प्रमुख प्रकाशन :

राव सी.एन.आर. तथा अन्य 2009, ग्राफेन : एक नवीन दो आयामीय नानो-पदार्थ । *अंगेवांडे केमी अंतर्राष्ट्रीय आवृत्ति* 48(42): 7752-7777.

राव सी.एन.आर. तथा अन्य 2004. मुक्त वास्तु संरचना के साथ धातु कार्बोक्सिलेट्स । *अंगेवांडे के.मी. अंतर्राष्ट्रीय आवृत्ति* – 43(12):1466-1496.

गोविंदराजु टी.

पीएच.डी., सहयोगी प्रोफेसर

हमारे प्रयोगालय में किए गए अनुसंधान की दिशा रासायनिकी, जैविकी तथा (जैव) पदार्थों-विज्ञान के अंतरापृष्ठ, जैविक रासायनिकी, पाचक रासायनिकी, पाचक अनुकरणिकी प्रकार्यात्मक रोग माड़ सदृश आण्विक शोध, नाभिक (केंद्रीय) आम्ल तथा जैव प्रेरित वास्तु-संरचना के प्रति रही है । हमारे हालही के प्रयत्न रहे हैं – अल्ज़मेर (AD) तथा पार्किनसन (PD) जैसे रोगों से संबद्ध समस्याओं के समाधान के लिए तथा अचिकित्सीय तंत्रिका ह्रासी रोगों के लिए निदानात्मक तथा चिकित्सात्मक प्रयत्नों के विकास के प्रति रहे हैं । इन रोगों से संबद्ध समस्याओं के समाधान बहु विज्ञान-अंतर्शाखा रासायनिकी अभिगमों के सुचारू रूप से संयोजन द्वारा इन मार्गों का शोध (अन्वेषण) कर रहे हैं । वे विशिष्टता से पाचकों (पेप्टाइडों) तथा अल्प-अणु आधारित चिकित्सात्मक कारकों (एजेंटों) के विकास के लिए इन रोगों के रोगजननीयता में संलग्न (कार्यरत) बहुपथों का लक्ष्य करके कार्य कर रहे हैं । हमने अपने प्रयोगालय में संकर (पाचियताओं) पेप्टाइडों तथा अल्प अणु आधारित उपकरणों को विकसित कर लिया है, जो प्राकृतिक कोशिकीय प्रक्रियाओं द्वारा विषक्त पट्टिका (प्लेक) को शुद्ध (स्वच्छ) करने में सक्षम होते हैं । अनुसंधान समूह ऐसे आण्विक शोधों को विकसित कर रहा है, जो मस्तिष्क मेरुदंड द्रव (CSF), रुधिर तथा मस्तिष्क-प्रतिदर्शों में AD जैव-निर्मापकों के संसूचक होते हैं । जिनका उपयोग AD के शीघ्र निदान के लिए व्यवहार्य उपकरणों के रूप में किया जा सकता है । एक और महत्त्वपूर्ण क्षेत्र विस्तार से लिया जा रहा है - जिसमें प्रकार्यात्मक माडी सदृश (अर्थात् मकडीरेशम) के जैव अनुकरणिकी के उत्पादन तथा जैव पदार्थ के रूप में संभाव्य अन्वयन, विभिन्न संदर्भों में करने के लिए अध्ययन किया जा रहा है ।

जयंत हल्दर

पीएच.डी., सहयोगी प्रोफेसर

प्रति सूक्ष्म जीवाणुवीय अनुसंधान प्रयोगालय

न्यूनतम विषाक्तता के साथ प्रजीवाणुवीय क्रियाकलापों के निर्धारण में महत्त्वपूर्ण पात्र वाली आण्विक संरचना में ध्रुवीय तथा अध्रुवीय अर्धांशों में विशिष्ट व्यवस्था (रचना) को सिद्ध करने हेतु वसामय नार्स्पेरमाइडाइनों के व्युत्पन्नों का विकास किया गया । उसके साथ ही Aryl-Alkyl-Lysines को विकसित कर लिया गया है, जिन्होंने प्रशंसनीय प्रति-ज्वलनशीलता तथा प्रति जैव-फिल्म गुणधर्मों को स्पष्ट किया है । हमने यह रिपोर्ट दी है कि अत्यंत सक्रिय द्वि-प्रकार्य बहुलक रजत नानो-सम्मिश्र, जो अंतर्निहित प्रति-सूक्ष्म-जीवाणुवीय तथा जैव ह्रासी बहुलक से युक्त होता है तथा जिसने नाल-शलाका सतह पर नानो-पदार्थ के लेपन पर मूषिका नमूने में मेथिसिलिन (निरोधक) रेसिस्टंट स्टेफाइलोकोकस अरेनेस (MRSA) के भार को न्यून कर दिया है । अत्यंत महत्त्वपूर्ण रूप से एक अर्ध-संश्लेषित वेंकोमाइसिन सादृश्य (अनुरूप) को विकसित कर लिया गया है, जिसने MDR ग्राम (Gram) नकारात्मक जीवाणु आश्रित नई दिल्ली मेटाल्लों β-lactamase (NDM-1) के विरुद्ध मेरोपेनेम (meropenem) क्रियाकलाप को पुनर्प्राप्त किया है । इस नव-अर्ध-संश्लेषित सादृश्य तथा मेरोपेनेन के संयुक्त रूप (संयोजन) ने मूषिका नमूने में प्रतिदोष संदूषण के संदर्भ में जीवाणुवीय भार को न्यून कर दिया है ।



(ए) नार्स्पेरमाइड सादृश्य, जो समान कुल जलभीति चयनशीलता लक्ष्य के जीवाणु के साथ न्यूनतम विषाक्तता (स्तनीय कोशिकाओं की ओर) (बी) अराइल अल्काइल लाइनेस – स्पष्टता प्रति ज्वलनशीलता तथा प्रति जैव फिल्म क्रियाकलाप । (सी) एक अर्ध-संश्लेषित वेंकोमाइसिन सादृश्य NDM-1 ग्राम-नकारात्मक रोगजनकों के विरुद्ध मेरोपेनेम क्रियाकलापों को पूनर्पूरित करता है । (डी) द्वि-प्रकार्यात्मक बहुलक-रजत नानो सम्मिश्र शीघ्रता से सूक्ष्म जीवाणुओं तथानिरुद्ध जैव-फिल्मों को नष्ट कर देता है ।

प्रमुख प्रकाशन :

यार्लगड्डा वी. तथा अन्य 2018, वेंकोमाइसिन सादृश्य, □□□-1 ग्राम निषेध रोगजनकों के विरुद्ध मेरोपेनेम क्रियाकलाप को पुनर्पूरित करता है । *ACS Infect. Dis.* 4: 1093-1101.

हक़ जे. तथा अन्य 2019, सूक्ष्म जीवाणुओं तथा निषिद्ध – जैव फिल्मों के शीघ्र नाश करने हेतु दि-प्रकार्यात्मक-बहुलक-रजत नानो-सम्मिश्र । *ACS बयोमिटर. Sci. Eng.* 5:81-91.

कनिष्क बिस्वास

पीएच.डी., सहयोगी प्रोफेसर

घन अवस्था रासायनिकी प्रयोगालय

हमारे प्रयोगालय में पदार्थ की लौह विद्युतीय स्थिरता की अभियांत्रिकी द्वारा उसकी वाहक चलनशीलता का ह्रास नहीं करते हुए पदार्थ – kL को अर्थपूर्णता से न्यून करने हेतु एक मूलभूत नये कौशल का अन्वेषण किया गया है । SnTe में Ge के प्रतिस्थानन, निकट कक्ष-तापमान की लौह-विद्युतीय अस्थिरता को बलवर्धित करता है तथा अर्थपूर्ण रूप से kL को न्यून (कम) कर देता है । अतिनिम्न kL उच्च वाहक चलनशीलता तथा वर्धित (सीबेक) Seebeck गुणांक के बीच में सहक्रिया के साथ उच्चतम 1.6 के zT को Sb – मादित $Sn_{0.7}Ge_{0.3}Te$ में 721 K पर प्राप्त कर लिया गया है । [ऊर्जा पर्यावरण विज्ञान 2019,12,589] । हमने आगे आभ्यंतरता से निम्न kL के नए पदार्थों का आविष्कार (अन्वेषण) इस सूक्ष्मदर्शीय संज्ञान के साथाकिया है, जो बंधनकारी जालक गतिकी तथा ध्वनिमात्रिक परिवहन के बीच में आधारभूत अन्योन्याश्रिताएँ मूलभूत रूप से आश्वासनात्मक ऊष्मविद्युतीय पदार्थों के अभिकल्प के लिए महत्वपूर्ण होती हैं । हमने यह दर्शाया है कि Bi-द्विपक्षीय स्थानीकृत स्पंदनों (कंपनों) ने निकट कक्ष-तापमान पर निर्बल सांस्थितिकीय विसंवाहक n-प्रकारी BiSe में अतिनिम्न kL तथा उच्च ऊष्म-विद्युतीय निष्पादन को अग्रसर किया है । [*J. Am. Chem. Soc.,* 2018, 140, 5866] विलयन आधारित मार्गों (उपायों) का उपयोग करके हमने अति महीन (पतली) कुछ परतीय 2D नानो-प्लेटों Cs_3B_{i219} का संश्लेषण किया है, जो यह दर्शाता है कि प्रकाश प्रदीप्ति (हिमटिमाना) चमक व्यवहार एक प्रत्येक Cs_3B_{i219} के स्तर तक होता है । [*Inorg.Chem.*,2018,57,15558] ।

हमने आगे यह प्रदर्शित किया है कि 3D $CsPbBr_3$ के नानो-स्फटिकों से 2D $CsPb_2Br_5$ नानो-शीटों के एकल (पॉट) पात्र विलयन आधारित रूपांतरण होता है तथा यह अन्वेषण किया है कि विस्तृत प्रयोगों तथा सांद्रता प्रकार्यात्मक सिद्धांत (DFT) परिकलनों के द्वारा इसके प्रदीप्ति गुणधर्मों का मूल क्या होता है । [नानोस्केल, 2019, 11, 4001]. AgBiSe2 के साथ उत्क्रममापी चालित घन विलयन (विलायक) द्वारा परिवेशी परिस्थितियों पर n-प्रकारी घन (क्यूबिक) GeSe को स्थिरीकृत किया गया, जिसने यह प्रदर्शित किया है कि उसमें अतिनिम्न ऊष्मीय चालकता के साथ आश्वासनात्मक ऊष्म विद्युतीय गुणधर्म होते हैं । GeSe में वर्धित AgBiSe2 संकेंद्रण प्रणाली के बैंड गैप को असामान्य रूप से परिवर्तित कर देता है । [*Angew. Chem. Int. Ed.,* 2018, 57, 15167] हमने यहाँ तक कि 342.02+8 mg/g की धारिता के साथ PH (श्रेणी) रेंज 0.5-11 में 0.3 ppb Hg(II) प्रदूषित जल से Hg_{2+} के निष्कासन के लिए (सस्ते) अव्ययकारी ग्राफेन आक्साइड टिन (IV) डाइसल्फाइड (SnS_2) सम्मिश्र ($GO@SnS_2$) का भी संश्लेषण किया है । अनुकूलकारी अन्वयन हेतु, हमने मितव्ययता से प्रदूषित जल से Hg(II) के 99.9% को ग्रहित करनेवाले $GO@SnS_2$ पाउडर (चूर्ण) से चाय-बैग का अभिकल्प तैयार किया है । [*J. Mater. Chem. A,* 2018, 6, 13142]. आगे n-प्रकारी कुछ परतीय (2-4 परतें) Bi मादित SnSe 2D नानो शीटों (1.2-3 nm मोटे) का संश्लेषण सहज निम्न-तापमान विलयन आधारित मार्गों (उपायों) द्वारा किया गया है । नानो-मान कणिका सीमाओं तथा परतीय अन्य दैशिक संरचनाओं की उपस्थिति अर्थपूर्ण प्रकीर्णन होने हेतु उष्णता वाहक ध्वनिमात्रिकों को बलवान बना देती है । एतद्वारा 300-720K – रेंज पर 0.3 W/mK जितनानिम्न तक kL को न्यून कर देती है । [*ACS Energy lett.* 2018, 3,1153] हमने n-प्रकारी समूह (राशि) (घन) क्यूबिक $AgBiS_2$ का संश्लेषण किया है, जिसने अपवादात्मकता से तापमान रेंज 298-820 K में 0.68-0.48 W/mK जितने निम्न kL को प्रदर्शित करता है । युग्म-वितरण प्रकार्य (PDF) विश्लेषण के सुझाव के अनुसार Bi के 6s2 एक युग्म के विन्यास रासायनिकीय क्रियाकलाप से उद्भव होनेवाले [011] दिशा पर्यंत स्थानीय संरचनात्मक विरूपणों के कारण से निम्न kL का संबंध अर्थपूर्ण जालक असामंजस्यता से होता है । [*Chem.Mater.,* 2019, 31, 2016].



घन अजैविक यौगिकों के द्वारा ऊष्म विद्यतीय त्याज्य उष्णता को विद्युतीय ऊर्जा में परिवर्तन ।

प्रमुख प्रकाशन :

बनिक ए. तथा अन्य 2019. $Sn_{1-x}Ge_xTe$ में अतिनिम्न ऊष्मीय चालकता तथा उच्च ऊष्मा-विद्युतीय निष्पादन को प्राप्त करने हेतु लौह-विद्युतीय स्थिरता की अभियांत्रिकीयता (का विन्यास) । [*Energy Enviten. Sci.* 12: 589-95]

सामंत एम. तथा अन्य 2018 n-प्रकारी Bise निर्बल सांस्थिकीय विसंवाहक में अतिनिम्न जालक ऊष्मीय चालकता तथा उच्च ऊष्म-विद्युतीय निष्पादन को अग्रसर करनेवाले Bi द्विपरत के स्थानिकृत स्पंदन *J. Am Chem. Soc.* 140 : 5866-72.

रंजनी विश्वनाथ

पीएच.डी, सहयोगी प्रोफेसर

प्रमात्रा बिंदुका प्रयोगालय

मादित अर्ध-चालक प्रमात्रा बिंदुकाओं में चक्रण / अक्षीय निषिद्ध Mn d-d पारगमन से उत्सर्जन को अग्रसर करने वाली अस्थायी प्रजातियों की प्रकृति ने दीर्घकाल से विज्ञानियों को चिंताक्रांत किया है । यह संज्ञान (समझ) ऊर्जा-क्षमता के लिए अन्वेषण में महत्तवपूर्ण है क्योंकि संवहन (पट्टिका) बैंड से ऊर्जा को Mn की ओर फेम्टोसेकेंड समय-मान में सूक्ष्मता से स्थानांतरित किया जाता है, जो अन्य अ. विकिरक पुनर्संयोजन पथों को पराजित कर देता है । हमारा प्रयोगालय इन प्रजातियों (प्रकारों) की प्रकृति के विशिदीकरण के प्रति कार्य कर रहा है । हमने अबतक दुर्गाह्य लगनेवाली अस्थायी प्रजातियों (प्रकारों) के जीवन-काल को वर्धित करने हेतु पोषक पदार्थ के कुशल रूपांतरण तथा अस्थायी अधिशोषण के उपयोग द्वारा Mn उत्सर्जन के बारे में एक महत्त्वपूर्ण दीर्घकालीन (रहस्य) पहेली का अनावरण किया है । इस संकल्पना को पेरोवस्काइट पदार्थों की ओर भी विस्तरित किया गया है । हमने उत्कृष्ट प्रकाशीय गुणधर्मों के साथ Sn तथा Fe- मादित पेरोवस्काइट पदार्थों का संश्लेषण किया है । हमने मादन पारगमन धातुओं को II – VI अर्ध चालकों में तथा पेरोवस्काइट प्रमात्रा बिंदुकाओं में लगाने का कार्य किया है तथा पोषक प्रमात्रा बिंदुकाओं की विद्युन्मानीय संरचना के शोध तथा परिवर्तन के लिए उपयोग करने का कार्य किया है । इसके अतिरिक्त हमने, cds नानो-स्फटिकों में चुंबकीय आयानों के मादन पर तथा पोषक पर इसके प्रकाशीय प्रभाव पर कार्य किया है । हमने EXAFS को एक उपकरण के रूप में उपयोग करके अंतरापृष्ठ पर विनिमय अभिनति कोड उत्पन्न करनेवाले चुंबकीय / अ-चुंबकीय पदार्थों के अंतरापृष्ठ पर उद्भव होनेवाले चुंबकत्व का भी अध्ययन किया है ।



नानो-पदार्थों में Mn उत्सर्जन का तंत्र ।

प्रमुख प्रकाशन :

गेहलाट के. तथा अन्य 2019. II-VI अर्ध-चालक प्रमात्रा बिंदुकाओं में चक्रण-निषिद्ध Mn d अवस्थाओं के प्रति अस्थायी प्रजातियों (प्रकारों) के मध्यस्थित ऊर्जा – स्थानांतरण. *ACS Energy letters*. 4: 729-735.

साहा ए., विश्वनाथ आर. 2017. चुंबकीय आक्साइड अ-चुंबकीय अर्ध-चालक प्रमात्रा बिंदुका के अंतरापृष्ठ पर चुंबकत्व. *ACS* नानो. 11: 3347-3354.

प्रेमकुमार सेंगत्तुवन

पीच.डी., संकाय अधिसदस्य

ऊर्जा भंडारण एवं परिवर्तन प्रयोगालय

Na – आयॉन बैटरियों में तारकीय चक्रण निष्पादन के साथ वेनेडियम आधारित NASCION ऋणाग्र –$Na_3V_2(PO_4)_3$ का प्रदर्शन कियागया है । इसकी क्षमता / धारिता को सुधारने हेतु हमने $Na_{3+}yV_{1-}yM'_y(PO_4)_3$ (M' प्रथम व द्वितीय पंक्ति पारगमन धातु आयॉन है, के यौगिकों का संश्लेषण किया है । संयुज्य (संयुक्त) विद्युत-रासायनिकीय XRD तथा XAFS अध्ययनों ने विभिन्न वेनेडियम तथा मैंगनिज़ रेडॉक्स युग्मों की प्रकटित किया है, जिन्हें DFT परिकलनों के द्वारा विधिमान्य बना दिया गया है । y=0.75 के लिए उच्च प्रत्यावर्ती क्षमता – दर – क्षमता तथा उत्तमतर चक्रीयता प्राप्त कर ली गई है, जिसे सोडियम आयॉन विसरण के लिए तथा साथ ही उच्चारोपित V- तथा Mn-रेडॉक्स केंद्रोंके अनुकूलतम गत्यावरोध – आकार के लिए परिपुष्ट किया जा सकता है ।

हमने सोडियम फ्लोराइड (NaF) नामक संरचना-स्थिरिकारक अभिकर्ता (एजेंट) के संस्थापन (लगाते) द्वारा एक आयामीय (1D) $FeF_3.3H_2O$ (इसके बाद जिसे IF के रूप में संकेतित किया गया है) अग्रगामी संरचना को उच्चतर आयामीय आयॉन ढाँचे (रूपरेखा) में परिवर्तित करने हेतु एक नवीन सांस्थितिकीय रासायनिक वर्गीकरण (प्रणाली-विज्ञान) को भी विकसित कर लिया है ।

सुबी जेकब जॉर्ज

पीएच.डी., एफ.ए.एससी., सहयोगी चेयर, सहयोगी प्रोफेसर

अधि आण्विक रासायनिकी प्रयोगालय

हमारा दल जैविक रासायनिकी, अधिआण्विक रासायनिकी तथा प्रकार्यात्मक पदार्थों के अंतरापृष्ठों पर कार्य करता है । जिसका अंतिम लक्ष्य गतिकीय, प्रत्यावर्ती, स्व-सुधार (मरम्मत) तथा अनुकूली गुणधर्मों के साथ जैव – प्रेरित पदार्थों का अभिकल्प करने का रहा है । अन्वेषित पदार्थों का एक वर्ग (श्रेणी) है – गतिकीय अधिगाण्विक बहुलक, जहाँ एकतयियों को अ-ससंहत (असंयोजक) अंतर्क्रियाओं से बंधे (जकड़े) हुए होते हैं । इस वर्ष, तंतुमय प्रोटीनों के स्व-संयुज्य से संकेत प्राप्त करके हमने इन गतिकीय पदार्थों के संरचनात्मक तथा अस्थायी कार्यक्रमण (योजना) के लिए अद्वितीय इंधन चालित स्व-संयुज्य अभिगम को विकसित कर लिया है । इसके अतिरिक्त, हमने किण्वकों रासायनिक अभिक्रिया रेडॉक्स प्रक्रियाओं जैसे विभिन्न इंधन चालित अभिगमों द्वारा अस्थायी रूप से कार्यक्रमित (योजित) अनुरूप में से अस्थायी पदार्थों का सृजन किया है । अन्वयन की दृष्टि से, हमने उत्सर्जन – प्रमात्रा (उपज) उत्पन्न को सुधारने हेतु जैविक वर्णधारियों के त्रय – संरचना पर कार्य किया है । हमने सफलतापूर्वक अजैविक घटक के रूप में लेपोनाइट (अजैविक मृत्तिका के रूप में) उपयोग करते हुए परिवेशी प्रदीप्ति के अधि आण्विक साँचे का प्रदर्शन किया है तथा जैविक संदीपक के रूप में नेफ्थालिन डिमाइड (NDI) व्युत्पन्नों का अभिकल्प समुचित रूप से किया है । लेपोनाइट के साथ NDI संदीपक के विद्युत स्थैतिकता से चालित सह-संयुज्य ने विलायक तथा विलायक प्रक्रियागत पारदर्शक पतली फ़िल्मों में RTP प्रदान करता है । हमने ऊष्मीयता से सक्रियित विलंबित प्रदीप्ति (TADF) उत्सर्जक नामक त्रय उत्सर्जक पदार्थों के एक अति महत्त्वपूर्ण वर्ग/श्रेणी, के उत्तेजित अवस्था प्रकाश भौतिकीय गुणधर्मों का अन्वेषण किया है तथा उसके लिए अनेक नए आण्विक अभिकल्पों को प्राप्त किया है ।



इंधन (अर्थात् PH किण्वक या रासायनिक) चालित अभिगम द्वारा अधिआण्विक बहुतयीकरण पर अस्थायी तथा संरचनात्मक नियंत्रण का रेखात्मक प्रतिपादन ।

प्रमुख प्रकाशन

जैन ए. तथा अन्य 2019. रासायनिक इंधन चालित जीवंत तथा मार्गस्थ (अल्प स्थायी) अधि आण्विक बहुतयीकरण *Nat Commun.* 10:450.

कुलकर्णी सी. तथा अन्य 2015. द्विध्रुव घूर्ण (संवेग) चालित सहकारी अधि आण्विक बहुतयीकरण *J. Am Chem Soc.* 137: 3924–32.

सरित अगस्ती

पीएच.डी., संकाय अधिसदस्य

क्रमादेशी (कार्यक्रमीय) आण्विक अभिकल्प प्रयोगालय

अ-सह-संयोजक निर्माण खंडों के उपलब्ध रिपोर्टों में से स्थूल चक्रीय अणुओं पर आधारित संश्लेषित पोषक-पोषित मूलभूत्व (मूलभाव) विशेष रूप से जैविकीय संकीर्णताओं (जटिलताओं) में अपने विशिष्ट मान्यता प्राप्त गुणधर्मोंके कारण आकर्षक होते हैं । हाल ही में हमने, मूलभूत तथा (वैद्यकीय) मेडिकल अनुसंधान की संगतता के साथ विभिन्न प्रकार की नवल प्रौद्योगिकियों के विकास हेतुजैविकीय अंतरापृष्ठ के साथ संश्लेषित पोषक पोषित प्रणालियों को संयोजित किया है । इन उदा. में सम्मिलित हैं – जैव लंब कोणीय प्रतिबिंबन तथा संवेदन, उच्च विभिदन प्रतिबिंबन तथा चिकित्सात्मक पदार्थों के वितरण तथा सक्रियन के लिए नवल अभिगम । प्राथमिक लक्ष्य – अभिकर्ताओं (एजेंटों) अर्थात प्रतिपिंडों प्रतिरोगकारक के साथ CB[7] के संयोजन से तथा ADA संयोजित फ्लुरोफोर के अन्वयन द्वारा, हमने यह दर्शाया है कि CB(7) तथा ADA के मध्य में पोषक-पोषित अंतर्क्रियाएँ, कोशिकाओं में जैव लंबकोणीय – प्रतिबिंबन के लिए स्वस्थाने अ-सहसंयोजक तंत्र को उपलब्ध कराती हैं । इस अ-सह-संयोजक लेबलिंग प्लेटफार्म को ड्रोसाफिला मेलानो-गास्टर नमूना प्रणाली के ऊतक प्रतिदर्शों की सम्मिश्रताओं (संकीर्णताओं) में प्रतिबिंब लक्ष्य अणुओं में रूपांतरित कर लिया गया है । इसके अतिरिक्त, हमने इस प्रणाली का उपयोग, वर्तमान सह-संयोजक प्रणाली का उपयोग, वर्तमान सह-संयोजक प्रणाली [अर्थात् चतु:रेंणुक अनुबंध (संयोजन)] के विरुद्ध पूर्णरूप से लंबकोणीय लेबलिंग प्लेटफार्म उपलब्ध करने के लिए किया है तथा इस प्रकार, उनके संयोजन को एकल जैविकीय प्रणालीके भीतर ही बहु जैव अणुओं के एकसाथ लेबलिंग के लिए उपयोग किया जा सकता है । हमने यह भी सिद्ध कर दिया है कि अधिस्थैतिक अर्बुद रोग-से संबद्ध कोशिका सतह प्रोटीन अंकक (मार्कर) के प्रतिबिंबन अल्प अणु लक्षीय F-actin के वितरण तथा गतिकी को दर्शानेवाले में प्रतिबिंबन द्वारा इस प्रणाली की उपयोगिता होती है ।



संश्लेषित पोषक-पोषित प्रणाली मध्यस्थित आण्विक संवेदन तथा नैदानिक निदानिकी कौशल ।

प्रमुख प्रकाशन :

ससमल आर. तथा अन्य 2018, कोशिकाओं तथा ऊतकों में संश्लेषित पोषक-पोषित संयुज्य : आण्विक मान्यता द्वारा तेज स्थिर तथा चयनित जैवलंबकोणीय प्रतिबिंबन. *Anal Chem.* 90(19): 11305-11314.

सिन्हा एस. तथा अन्य 2018, गतिकीयता से संयुज्य कूष्मांड (7) यूराइल पोषक तथा नानो कण पोषित साँचे से प्रत्यावर्ती संपुटीकरण तथा उद्दीपक प्रतिक्रियात्मक जैविकीय वितरण *J Mater Chem. B.*6: 7329-7334.

सेबास्टियन चिरांबट्टे पीटर

पीएच.डी., सहयोगी प्रोफेसर

घन अवस्था तथा अजैविक रासायनिकी प्रयोगालय

